# धीमी गति से चल रहे सड़क कार्य पर कलेक्टर नाराज

## नागझिरी-दताना मार्ग में आशानुरुप प्रगति नहीं, सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा के साथ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी हुई

**उज्जैन।** गुरुवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर जहां जरूरी बैठक ली, वहीं सड़क सुरक्षा समिति की भी अहम बैठक ली गई। महाकाल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को नि:शुल्क बस उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं उज्जैन दर्शन बस सेवा सशुल्क चलाई जाएगी। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने एक सड़क मार्ग के कार्य में धीमी गति देखकर नाराज़गी व्यक्त की, वहीं ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर लगाने की बात कही।




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में सिंहस्थ 2028 के कार्य तीव्र गति से की जाए इसके लिए सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह से लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह मोर्चा संभाल लिया है। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है वही ट्रैफिक व्यवस्था भी देखी जा रही है सिंहस्थ के पहले पूरे उज्जैन को तैयार किया जा रहा है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत मंगलनाथ से चककमेड मार्ग, नागझिरी से दताना मार्ग की प्रगति की समीक्षा की गई। नागझिरी-दताना मार्ग में आशानुरुप प्रगति नहीं पाई जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लोकनिर्माण विभाग (सेतु) के ईई पीएस पंत ने जानकारी दी कि वाकणकर ब्रिज, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता, तपोभूमि से हामूखेड़ी, दुर्गादास की छतरी से रणजीत हनुमान और पीपलीनाका से भैरवगढ ब्रिज का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुके है। उनके निर्माण कार्य इस माह में प्रारंभ किए जाए। पीआईयू द्वारा आयुर्वेद महाविद्यालय में किए जा रहे नवीन निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन शहर के आंतरिक मार्गों के दोनों तरफ साफ-सफाई कर प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाए जाने निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने गुरुवार शाम कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में जिला सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाए जाने की प्रतिमाह रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही रिफ्लेक्टर लगाए जाने की फोटो भी संलग्न करने के निर्देश दिए गए। शेर चौराहे से लेकर बडा गणपति तक मार्ग के दोनों और अतिक्रमण को हटाया जाए। नगर निगम और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रुप से इसके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए।

बैठक में श्री महाकाल मंदिर प्रशासक ने बताया कि आगामी दिनों में मन्नत गार्डन से बसों का संचालन श्री महाकालेश्वर मंदिर तक आने जाने के लिए नि:शुल्क किया जाएगा और उज्जैन दर्शन के लिए सशुल्क बसों का संचालन किया जाएगा। जयसिंहपुरा चारधाम मंदिर क्षेत्र में आने वाली स्कूल बसों के स्थान पर बच्चों को लाने ले जाने के लिए छोटे वाहनों के प्रयोग पर स्कूल शिक्षा विभाग के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल और मृत्यु के आंकडों की प्रतिमाह समीक्षा की जाए। सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु के कारणों का पता लगाकर उन्हें रोकने के प्रयास किए जाए। इसके लिए जनजागरुकता कार्यक्रम भी समय-समय पर आयोजित किए जाए।

18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं की ट्रेनिंग समय-समय पर आयोजित की जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अनाधिकृत रुप से मिडियन पर बनाई गई क्रासिंग को बंद किया जाए। इसके अलावा कोई अतिक्रमण हो तो उसे भी हटाया जाए। राज्यमार्गों पर आवारा पशुओं को पकडने की कार्यवाही की रिपोर्ट एनएचएआई नियमित रुप से प्रेषित करें।

बैठक में कलेक्टर के अलावा नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, एएसपी अभिषेक रंजन, सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल, सड़क सुरक्षा समिति के सचिव ईई पीडब्ल्यूडी गौतम अहिरवार, आरटीओ संतोष मालवीय, एमपीईबी, एनएचएआई, सेतु और संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सदावल हेलीपैड बन चुका-शिफ्टिंग कार्य पूर्ण

सदावल हेलीपेड बन चुका है। वहां का पहुंच मार्ग प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की प्रगति वेबसाईट पर भी अपलोड की जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। हेलीपेड से समीप के घाट तक मार्ग बनाया जाए। जहां अतिविशिष्ट व्यक्तियों के स्नान की व्यवस्था की जाएगी। सभी संबंधित विभाग निर्माण कार्यों की साईट का नियमित रुप से निरीक्षण करें। लोकनिर्माण विभाग (सेतु) के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि फ्रीगंज रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण में रेल्वे पावर हाउस शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। वहां नगर निगम द्वारा पाईपलाईन शिफ्टिंग का कार्य भी पूर्ण हो चुका है।

### घाट पर नहीं जाएगी फोरव्हीलर-महाकाल के बाहर वाहनों की निगरानी हो

रामघाट पर समस्त 04 व्हीलर वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से बंद करने के निर्देश दिए गए। वहां पर बेरिकेड लगाए जाकर सख्ती से इसका पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि दो पहिया वाहन चालकों के वाहन चलाते समय हेलमेट ना पहनने और मोबाईल फोन पर बात करने पर आज दिनांक तक कुल 12,963 प्रकरण बनाए गए हैं। वर्तमान में सभी इंटर सिटी बसें नानाखेडा बस स्टैंड से ही संचालित की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुख इस ओर विशेष ध्यान दे कि कार्यालय के आस-पास अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्क न किए जाए। बैठक में एजेंडे पर चर्चा के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए कि श्री महाकालेश्वर मंदिर के आस-पास यातायात व्यवस्था के सुचारु रूप से संचालन के लिए ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा को जहां रोका जाना है। वहां उनकी पार्किंग की व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनाई जाए और ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा जिन मार्गों से मंदिर के आस-पास आ रहे हैं। उनका भी चिन्हांकन किया जाए।

# 8 बदमाशों को पुलिस वाहन से किया सीमा से बाहर


**उज्जैन। आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये 8 बदमाशों को जिलाबदर किया गया था। बुधवार को पुलिस ने बदमाशों को थाने बुलाकर नोटिस तामिल कराये और जिले की सीमा से बाहर भेज दिया।**




पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर मंगलवार को उज्जैन और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल 8 बदमाशों को जिलाबदर किये जाने के आदेश जारी हुए थे। बुधवार को सभी जिलाबदर बदमाशों को माधवनगर थाने बुलाया गया, जहां थाना प्रभारी राकेश भारती द्वारा आदेश तामिल करते हुए हिदायत दी कि जिलाबदर अवधि के दौरान उज्जैन जिले की सीमा के साथ देवास, आगर, रतलाम के बाहर 6 माह तक रहना होगा। अगर आदेश का उल्लंघन करते पाये गये तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी बदमाशों से आदेश तामिल कराने के बाद उन्हे शासकीय वाहन में बैठाया गया और जिले की सीमा से बाहर ले जाकर छोड़ा गया। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने तथा असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर, निष्पक्ष एवं परिणामोन्मुखी कार्रवाई की जा रही है। दिसंबर माह में 19 आदतन अपराधियों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस भविष्य में भी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगी।

## मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उज्जैन। मजदूर ने गुरुवार तड़के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई ने फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।**



नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि अर्जुन नगर में झोपड़ी बनाकर रहने वाला राजेश पिता मदन लाल मजदूरी का काम करता था और भाई महेश के साथ रहता था। सुबह महेश नींद से जागा तो उसने राजेश को झोपड़ी की छत पर लगी बल्ली से लटका देखा। मामले की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतर गया। भाई से पूछताछ में सामने आया कि काफी दिनों से मजदूरी पर नहीं जा रहा था। राजेश की शादी भी नहीं हुई थी संभव तो उसने आर्थिक परेशानी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उप निरीक्षक उधम सिंह ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृतक की बहने काला पत्थर क्षेत्र में रहती है जो घटना की जानकारी मिलने पर अर्जुन नगर पहुंची थी।

### इधर युवक ने खाई सल्फास

पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में रहने वाले विशाल पिता विष्णु राठौर 21 वर्ष में गुरुवार को सल्फास की गोलियां खा ली। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। विशाल ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरु करेगी।

## विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**उज्जैन।** शासकीय हाईस्कूल दुधली में ईको क्लब अन्तर्गत स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के विकास के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान गतिविधि का आयोजन किया गया। ईको क्लब प्रभारी शुभम भारद्वाज ने बताया कि स्वच्छता अभियान अन्तर्गत विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा परिसर की साफ-सफाई की गई एवं पौधों की देखभाल का कार्य किया तथा एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। प्राचार्य संजय लालवानी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक दिलीप नवरंग, राजेश मालवीय, धर्मेन्द्र चैहान, देवेन्द्र राय, लक्ष्मी नारायण चौहान, अमित कुमार एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### पेश की ईमानदारी की मिसाल

**उज्जैन।** शहर में ईमानदारी और मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करने वाली एक प्रेरक घटना सामने आई है। गांव से आकर उज्जैन में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहीं ज्योति, रवीना और रचना नामक तीन युवतियों ने ऐसा कार्य किया, जिसने समाज में भरोसे और नैतिक मूल्यों को नई मजबूती दी है। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव चितेन्द्र सिसोदिया का पर्स देसाई नगर के रास्ते में गिर गया था। जिसमें उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ बच्चे की स्कूल फीस की रसीद और पांच हज़ार रुपये रखे थे। पर्स मिलने पर युवतियों ने सबसे पहले उसमें मिली फीस रसीद के आधार पर संबंधित स्कूल से संपर्क करने का प्रयास किया, ताकि मालिक तक पहुंचा जा सके। स्कूल से मोबाइल नंबर न मिल पाने के बावजूद वे हतोत्साहित नहीं हुईं। पर्स में दर्ज आधार पते को आधार बनाकर वे स्वयं सिसौदिया के घर देसाई नगर से उनके घर मंछामन कॉलोनी पैदल पहुंचीं और पर्स सुरक्षित रूप से उन्हें सौंप दिया। अचानक पर्स वापस पाकर चितेन्द्र सिसोदिया भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि उन्हें अपने ज़रूरी दस्तावेज़ों और पर्स में रखी राशि के वापस मिलने की कोई उम्मीद नहीं रह गई थी। उन्होंने तीनों युवतियों की खुले दिल से प्रशंसा की और उनका आभार व्यक्त किया।

### प्रकाश पर्व 23 से 27 दिसंबर तक मनाया



**उज्जैन।** सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई एवं गुरुद्वारा साहिब सुख सागर फ्रीगंज उज्जैन पर गुरुद्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने बताया कि 23 दिसंबर मंगलवार को प्रात: 11 बजे से लेकर 1 बजे तक भाई साहब भाई अमनदीप सिंह (बीबी कोलाजी जी ट्रस्ट श्री अमृतसर) द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं कथा विचार होगा उसके उपरांत गुरु जी के अतूट लंगर की सेवा होगी। 24 दिसंबर को बुधवार को प्रात: सभी गुरुद्वारों की प्रभात फेरियो का मिलन चामुंडा माता चौराहे पर सवेरे 6 बजे होगा। यहां से एकत्रित होकर गुरुद्वारा साहिब श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई जाएंगे। वहां 6 .30 सभी प्रभात फेरियों का स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत प्रात: 7 .30 बजे निशान साहिब की सेवा होगी। चरणजीत सिंह कालरा ने बताया कि 25 दिसंबर गुरुवार को प्रात: 11 बजे से लेकर 1 तक भाई साहब अमनदीप सिंह (भाई मझजी . श्री अमृतसर) द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया जाएगा। इसके उपरांत अतूट लंगर की सेवा होगी। एसएस नारंग ने बताया कि 26 दिसंबर शुक्रवार को प्रात: 9 .30 बजे वीर बाल दिवस पर शौर्य यात्रा मुख्य अतिथि मनिंदर सिंह बिट्टा, अनिल फिरोजिया, कलावती यादव अनिल जैन, मुकेश टटवाल होंगे।

### गीत व नृत्य की होगी प्रस्तुति

**उज्जैन।** बसंत बहार म्यूजिकल कल्चरल सोसायटी उज्जैन के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वर्ष के प्रथम दिवस म्यूजिकल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस आशय का निर्णय चकोर पार्क पर आयोजित सोसायटी की बैठक में लिया गया। सोसायटी संचालक व गायक अनिल कहार व संयोजक दिलीप रानीवाल के अनुसार बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जनवरी 2026 को मध्यान्ह 12 बजे से म्यूजिकल कार्यक्रम आरंभ होगा। जिसमें विभिन्न गायकों द्वारा सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बच्चों व कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंदसिंह खिंची, विशेष अतिथि श्याम सोलंकी, राकेश बैरागी, रघुनाथ वैष्णव होंगे। अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष राजकुमार बैरागी करेंगी। दिलीप रानीवाल, अनिल कहार, अशोक पंवार, सुरेश सरवटे, चंदन राठौर, रवींद्र आयाचित, रामप्रसाद द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी जायेगी। बैठक की अध्यक्षता राजकुमारी बैरागी ने की व सोसायटी सदस्य उपस्थित रहे।

# सीजन की सबसे ठंडी रही बुधवार-गुरुवार की रात

## न्यूनतम तापमान हुआ 7 .3 डिग्री सेल्सियस, अधिकतम तापमान में भी 0.5 की गिरावट





**उज्जैन। उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के चलते ठंड अपना असर दिखने लगी है। शहर में सीजन की सबसे ठंडी बुधवार-गुरुवार की रात रही। वहीं गुरुवार को अधिकतम तापमान में भी 0.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के बाद दिन रात के तापमान में गिरावट के साथ शीतलहर का अनुमान अलर्ट जारी किया है।**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी से पूरे देश में ठंड का कहर बढ़ गया है। मध्यप्रदेश में भी रात का तापमान लगातार कम हो रहा है। इस बीच उज्जैन में बुधवार-गुरुवार की रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। स्थानीय वेधशाला के अनुसार न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री दर्ज हुआ है। रात को कोहरा छाने के बाद ओस की बूंदों ने भी लोगों को ठिठुरा दिया था। पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। रात के तापमान के बाद गुरुवार को अधिकतम तापमान में भी 0.5 डिग्री की गिरावट आई। हवा की गति 4 से 6 किलोमीटर की बनी हुई है बावजूद इसके शीत लहर का आवास हो रहा है। वेधशाला अधीक्षक राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार 14 दिसंबर 2024 को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया था। इस बार जिस तरह से ठंड का असर बढ़ता दिखाई दे रहा है उससे लग रहा है कि दिसंबर के अंत तक उज्जैन में न्यूनतम तापमान का नया रिकार्ड बन सकता है। जिस तरह से न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है आगामी दिनों में अधिकतम तापमान भी कम हो सकता है। इससे पहले 2 दिसंबर 2021 को अधिकतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया था। ठंड के साथ ही शीतलहर की संभावना भी बढ़ती दिखाई दे रही है। दिन में हवा की गति कम है लेकिन रात में रफ्तार तेज हो रही है। इस बार जनवरी माह भी ठंड के बीच गुजर सकता है। एक-दो दिन में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसका असर जनवरी तक बना रह सकता है।

### उत्तर भारत में कोहरे से ट्रेनों पर असर

लगातार बढ़ती ठंड का असर ट्रेनों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेन देरी से पहुंच रही है। वहीं कई रूटों की ट्रेनों में भी देरी होना सामने आ रहा है। शाम को आने वाली कई ट्रेन देरी से आने पर यात्रियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। ठंड की वजह से ट्रेन यातायात ही नहीं सड़क यातायात भी प्रभावित बना हुआ है। रात में शहर की कई सड़कों पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है। हाई-वे मार्गों पर भी आवागमन कम होने लगा है। शहर में शाम को बाजार भी जल्द बंद हो रहे हैं।

### ठंड से बचाव के लिए जल रहे अलाव

शाम ढलने के बाद बढ़ रही ठिठुरन से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं। घरों में भी रूम हीटर चलते दिखाई दे रहे हैं। अब दिन-रात लोग गरम कपड़े पहने दिखाई दे रहे हैं। ठंड बढ़ने से बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी-जुकाम का वायरल भी तेजी से फैलता दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए गर्मी की व्यवस्था की जा रही है। पशुओं के बाड़े में भी अलाव जलाकर उन्हें ठंड से बचाया जा रहा है। वहीं पालतू श्वानों को भी स्वेटर आदि पहनाए जा रहे हैं।

# मिस्त्री ने खाया जहर, अस्पताल में मौत

**उज्जैन। शहर में जहर और आत्महत्या करने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। कहीं परेशान लोग जहर खा रहे हैं तो कहीं पर पारिवारिक कारणों से भी घटनाएं घटित हो रही है। ऐसे में मिस्त्री का काम करने वाले 6 बच्चों के पिता ने 2 दिन पहले जहरीला पदार्थ खा लिया था। इसके उपचार के दौरान गुरुवार तड़के मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मामला पारिवारिक वाद का होना सामने आया है।**




उन्हेल का रहने वाला जितेंद्र पिता चंदरसिंह राजपूत कुछ सालों से ससुराल कालूखेड़ा में रहकर मिस्त्री का काम कर रहा था। 2 दिन पहले अचानक घर से दौड़ता हुआ बाहर आया और जहरीले पदार्थ की पुड़िया फेंक कर खेत की ओर चला गया। घर के बाहर साला रमेश बैठा था उसने जहर की पुड़िया देखी लेकिन कुछ समझ नहीं पाया। कुछ देर बाद गांव वालों ने बताया कि जितेंद्र खेत के पास उल्टियां कर रहा है। ससुराल वाले पहुंचे और उपचार के लिए चरक अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी देकर भर्ती किया। गुरुवार तड़के जितेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। साले रमेश ने बताया कि जितेंद्र की चार बेटियां और दो बेटे हैं। पति पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। 2 दिन पहले जहर की पुड़िया फेंककर भागा था, संभवत: पत्नी से विवाद हुआ था। पुलिस ने मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच की बात कही है।

## कंपनी ने करियर बनाने के बारे में बताया

**उज्जैन।** जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने उज्जैन शहर के इंदिरा नगर ढांचा भवन स्थित पीएम श्री शास. हाई स्कूल में विद्या करियर कार्यशाला लगाई, जिसमें जेके लक्ष्मी सीमेंट से जुड़े ठेकेदार और मिस्त्री के बच्चों और स्कूल के बच्चों सहित कुल 80 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। कंपनी के टॉप रैंकर्स काउंसलर आदित्य ने बच्चों को डॉक्टर, मैनेजमेंट, इंजीनियर, पुलिस, आर्मी, वकील आदि कई तरह के करियर के बारे में बहुत अच्छे तरीके से समझाया।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सकीना (SAKINA) पिता खोजेमा कय्यावला (KHOZEMA KAYYAWALA) था, जो अब परिवर्तित होकर सकीना कय्यावला(SAKINA KAYYAWALA) पिता खोजेमा कय्यावला (KHOZEMA KAYYAWALA) हो गया है। अत: भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सकीना कय्यावला पिता खोजेमा कय्यावला
170, कमरी मार्ग, मानक चौक,
उज्जैन (म.प्र)


**नववर्ष की तैयारी** — नए साल में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने किया बदलाव

# प्रशासक का दौरा, महाकाल मंदिर का गेट नंबर एक अब शहनाई गेट की तरफ शिफ्ट

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में नववर्ष पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने गुरुवार को प्रवेश व्यवस्था में बदलाव किया। मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण भी इसे बदला गया है। नई व्यववस्था के चलते गेट नंबर एक अवंतिका द्वार को अब शहनाई गेट की ओर स्थानांतरित कर दिया गया है।



श्रद्धालु अब इसी नए मार्ग से प्रवेश कर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था गुरुवार से ही लागू भी कर दी गई। अवंतिका द्वार को उसके वर्तमान स्थान से हटाकर शहनाई द्वार, पालकी निर्गम स्थल के पास स्थापित किया गया है। यहां से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु फैसिलिटी सेंटर से होते हुए भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। साल 2025 के अंतिम दिनों के साथ ही नए साल 2026 के शुरुआती दिनों में लाखों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन के लिए उमड़ने वाले हैं। इसको ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बड़ा गणेश मंदिर के पास स्थित एंबुलेंस निर्गम द्वार पर एक नया शीघ्र दर्शन टिकट काउंटर भी शुरू किया गया है। यहां से श्रद्धालु 250 रुपए का टिकट लेकर प्रवेश कर सकेंगे। टिकट धारी श्रद्धालु गणेश मंडप से भगवान महाकाल के दर्शन कर निर्धारित निर्गम द्वार से बाहर निकलेंगे। नवीन प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लॉकर, जूता-स्टैंड और मेटिंग जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। दर्शन मार्ग को छोटा और सुगम बनाया गया है, जिससे भक्तों को शीघ्र और सहजता से दर्शन लाभ मिल सके। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने गुरुवार को सुबह मंदिर परिसर के आंतरिक और बाहरी क्षेत्रों सहित रुद्र सागर क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा सुचारू दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

### भक्त ने 5 लाख 51 हजार दान किए

झारखंड से उज्जैन में महाकाल के दर्शन करने आए भक्त पुरुषोत्तम कुमार ने मंदिर के पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी, विपुल चतुर्वेदी की प्रेरणा से 5 लाख 51 हज़ार रुपए की राशि नगद दान की। पुरोहित चतुर्वेदी ने बताया कि पुरुषोत्तम बाबा महाकाल के परम भक्त हैं तथा उन्होंने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर के विकास कार्य हेतु यहां दान करने की इच्छा जताई थी। समिति की उप प्रशासक श्री मती सिम्मी यादव को इस संबंध में अवगत कराया एवं दान राशि भेंट की गई। समिति ने उन्हें विधिवत रसीद प्रदान कर दुपट्टा, भगवान महाकाल जी का लड्डू प्रसाद आदि भेंट कर सम्मान किया।